# INDIRA GANDHI NATIONAL COLLEGE, LADWA

## DHANORA (KURUKSHETRA) HARYANA

Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra

**4.1.2 Facilities for Sports and Cultural activities.**




# “Exercise for the Body and Music for the Soul”

**Greece Adage**

# Glimpses of Sports Facilities





Students participating in Badminton at College Main Hall






College Students & teachers playing Badminton at Main Hall of the College




Staff Member playing Cricket Match at College Play Ground






Students playing National Style Kabaddi at college Kabaddi Court



Students playing Kurukshetra University Inter Collegiate Cricket Match at College Cricket Ground





Students playing Haryana State Inter Collegiate Volleyball Match at College Volleyball Court.






Students performing Chin-Ups at College Play Ground



Students performing indigenous Push-Ups at College Play Ground






Students playing Basketball at college Basketball Court



Students and teachers performing Yogic Activities at college Main Hall




College Cyclist participating in Kurukshetra University Inter Collegiate Cycling Track Race Tournament.



Health& Physical Education Students Participating in Parctical activities at College Playground



Students participating in Haryana State Inter Collegiate Volleyball Closing Ceremony at College Volleyball Court.



Students participating in traditional recreational event (Chatty Race) at college Play Ground



Tokyo Olympic Bronze Medallist Mr. Surinder Pallad sharing his views with college students at college Playground on 42nd Annual Athletic Meet of College.




Students partipating in 100 Mts. Race at College Standard Track.




Winning students getting prizes on College Annual Sports Meet at College Play Ground Main Stage



Students participating in College Annual Athletic Meet Opening Ceremony at College Play Ground.



College Principle giving start to 800 Mts. Race athletes at college StandardTrack




College Governing Body President with Chief Gues getting introduction in Kurukshetra University Zonal Chess Men Tournament at Collge Mini Hall.



Students participating in Recreational event (Sack Race) at college Play Ground





Students competing in Tug of War Competition at College Play Ground



College students playing Kurukshetra University Inter-Collegiate Ball Badminton Tournament at College Playground



College students competing in Kurukshetra University Inter Collegiate Cycling Track Race Competition at Collge Playground Track.

# Glimpses of Sports Activities Media Coverage



दैनिक जागरण पानीपत, 18 मई, 2022

## इंट्राम्यूरल बैडमिंटन पुरुष–महिला प्रतियोगिता का आगाज

आइजीएन कालेज में खिलाड़ियों के साथ शिव गुप्ता व अन्य। ● जागरण।

लाडवा : इंदिरा गांधी नेशनल कालेज में चार दिवसीय इंट्राम्यूरल बैडमिंटन पुरुष–महिला प्रतियोगिता का मंगलवार को आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा प्रधान शिव गुप्ता ने कालेज के संस्थापक प्रधान स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया। प्रतियोगिता के प्रथम मैच में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा विजेता ने पहले दिन जीत दर्ज की। बीए प्रथम वर्ष कर्ण की टीम ने बीए प्रथम वर्ष की टीम को 3–0 से मात दी व अगले चरण में प्रवेश किया। महिला वर्ग ने बीएससी तृतीय वर्ष की खिलाड़ियों ने बीकाम द्वितीय वर्ष के खिलाड़ियों को 3–0 से मात देकर अगले चरण में प्रवेश किया। कालेज के प्राचार्य डा. रवीश चौहान ने कहा कि खेल ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास करता है, इसलिए खेलों में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में मंच संचालक डा. सुरेंद्र कुमार, डा. मोहन लाल व डा. कुलदीप सिंह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर अश्विनी जैन, सुरेंद्र सिंगला, महेश, विष्णु स्वरूप व हरीश मौजूद रहे। (संस)

शनिवार • 12.02.2022
अमर उजाला


# जेवलिन थ्रो में विश्वजीत का पहला स्थान

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में चल रही दो दिवसीय 47वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जेवलिन थ्रो में विश्वजीत ने पहला स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही करण ने दूसरा और रोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रोहित कुमार ने पहला, गौरव चौधरी ने दूसरा और अमृतपाल सिंह ने तीसरा स्थान पर कब्जा किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में योगेश प्रथम, ललित द्वितीय और रोहित तृतीय स्थान पर रहा। ऊंची कूद प्रतियोगिता में योगेश पहले, राहुल दूसरे और मनजीत तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, महिला वर्ग में हुई डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में अदिति वर्मा ने पहला, सपना ने दूसरा और मनजीत कौर ने तीसरे स्थान हासिल किया। पहले दिन वीरवार को दस हजार, पांच हजार, 1500, 800 और 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई थी। समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलों को खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी जरूरी है। विशिष्ट अतिथि गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के प्राचार्य डॉ. एचएस कंग ने कहा कि खेलों में पदक गोल्ड, सिलवर या ब्रांज के नहीं, बल्कि पसीने व दृढ़ संकल्प से बने होते हैं। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खुद को अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है इसलिए आपको खेलों से जुड़ना चाहिए।


आईजीएन कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते खिलाड़ी। संवाद

प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि जो खिलाड़ी कभी हिम्मत नहीं हारता उसे कभी नहीं हराया जा सकता। कहा कि अगर आप तैयारी करने में असफल है तो असफल रहने के लिए तैयार हो जाओ। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेलों का बहुत बड़ा योगदान है। खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. रवीश चौहान, डॉ. संदीप बंसल, वेद प्रकाश सिंघल, मनदीप सिंह, रविंद्र बंसल, ज्ञान सिंह, रतन लाल आदि मौजूद रहे।

---

पंजाब केसरी 13 फरवरी, 2022

# कालेज के वर्तमान खिलाड़ियों ने जमाया ट्राफी पर कब्जा

लाडवा, 12 फरवरी (शैलेंद) : लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज के खेल मैदान में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को इंदिरा गांधी नैशनल कालेज लाडवा के वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों के मध्य मैच हुआ।

सर्वप्रथम कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. रवीश चौहान एवं क्रीड़ा समिति के संयोजक डा. मोहन लाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी को खेल को खेल की भावना के साथ खेलने हेतु प्रेरित किया। मैच से पूर्व शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह ने दोनों टीमों के कप्तानों के मध्य सिक्का उछाला, जिसमें वर्तमान छात्रों ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पूर्व छात्रों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 5 विकेट पर 111 रन बनाए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए साहिल ने 42 रन बनाएं।

वही गेंदबाजी में वर्तमान छात्र गोपाल और राजीव ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में वर्तमान छात्रों में से रक्षित व राजीव मलिक ने 40 व 31 रन बनाकर लक्ष्य को 17 ओवर में ही हासिल कर जीत दर्ज की। भूतपूर्व छात्रों की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रविंद्र शर्मा ने 2 विकेट लिए। मैच के समापन पर डा. रविश चौहान ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। मैच में नेहा व रमन पूर्व छात्रों ने मैच में अम्पायर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर कालेज का स्टाफ सहित अनेक कालेज के छात्र मौजूद थे।


इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में विजेता टीम के साथ कार्यवाहक प्राचार्य व अन्य। (शैलेंद)

दैनिक भास्कर रविवार 21 अक्टूबर, 2018

# साइक्लिंग रेस में आईजीएन के खिलाड़ी रहे दूसरे स्थान पर



लाडवा के इंदिरा गांधी कॉलेज के विजेता छात्र कोच के साथ।

भास्कर न्यूज़ | लाडवा

इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के खिलाड़ियों ने अंतमहाविद्यालय साइक्लिंग ट्रैक रेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। केयू में उक्त प्रतियोगिता हुई, कालेज के खिलाड़ियों ने साइकिल ट्रैक रेस पुरुष वर्ग में 32 अंकों के साथ कालेज को दूसरा स्थान दिलाया।

इस इवेंट में बीकॉम प्रथम के नीरज ने स्वर्ण, संदीप ने रजत, बीए प्रथम के राजन ने दो कांस्य और सभी की टीम ने एक हजार मीटर व चार किमी टीम में दो स्वर्ण जीते। 1600 मीटर टीम में बीकॉम प्रथम के सचिन व तृतीय के राहुल ने साथ मिलकर कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर नीरज, संदीप, राजन व सचिन का चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम में हुआ। उक्त टीम 9 से 12 नवंबर को पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला में होने वाली अखिल भारतीय इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लेगी। वहीं कालेज पहुंचने पर प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग, प्राचार्य डा.हरिप्रकाश ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। दल के प्रभारी डा. कुलदीप सिंह को भी बधाई दी।

पंजाब केसरी DELHI 6 अक्तूबर, 2018 ▶ शनिवार

# एकल राइफल प्रतियोगिता में इन्दिरा गांधी कालेज के विद्यार्थियों ने जीते दो स्वर्ण पदक



लाडवा के इन्दिरा गांधी कालेज में विजेता खिलाड़ी अपने जीते हुए मैडल दिखाते हुए।

**लाडवा,** (कैलाश गोयल): कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की अन्तर्महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन आर्य कालेज पानीपत में तीन से चार अक्तूबर को हुआ। इस प्रतियोगिता में लाडवा इन्दिरा गांधी कालेज की पुरूष और महिला राईफल टीम ने भाग लिया और दोनों ने क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किए। इंदिरा गांधी कालेज के प्राचार्य डा. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि एकल राईफल प्रतियोगिता में गगनदीप सिंह ने 400 अंको में से 393 अंक व स्नेहा ने 392 अंको के साथ एकल दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए और प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने बताया कि पुरूष टीम में प्रिंस सिंह ने 379 अंक, अमृत ने 371 अंक व रमन कुमार ने कुल 1200 में से 1143 अंक प्राप्त कर आर्य कालेज पानीपत की टीम को चार अंको से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं उन्होंने बताया कि महिला टीम में प्रिंस रानी ने 383 अंक, पुष्पा देवी ने 313 अंक व पुष्पा की टीम ने कुल 1200 में से 1088 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय की राईफल टीम में रजत पदक दिलाया।

दैनिक भास्कर शनिवार 16 फरवरी, 2019

# अनंत राम कॉलेज, डीएवी कॉलेज करनाल, डीएन महिला कॉलेज कुरुक्षेत्र और महारानी जाट कॉलेज रोहतक की टीम विजयी

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में वॉलीबाल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले

भास्कर न्यूज़ | लाडवा



खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि एसएचओ रामपाल व कॉलेज स्टॉफ।

इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में आयोजित वॉलीबाल महाकुंभ के तीसरे दिन का शुभारंभ आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, मनजीत सिंह जैलदार और गुरमेल सिंह ने किया। खेल प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल, डीएवी कॉलेज करनाल, डीएन महिला कॉलेज कुरुक्षेत्र और महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की टीम विजयी रहीं। इसके अलावा चिरंजी लाल गवर्नमेंट कॉलेज, करनाल और बनवारी लाल जिंदल सूईवाला कॉलेज तोशाम के बीच मुकाबले में चिरंजी लाल गवर्नमेंट कॉलेज करनाल की टीम ने जीत दर्ज की। महिला टीम के रोमांचक मुकाबले में महिला कॉलेज झोझू कलां की टीम ने डीएन कॉलेज कुरुक्षेत्र की टीम को हरा दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि दोपहर बाद के सत्र में उपप्रधान मनदीप तूर, थाना प्रभारी रामपाल और परमवीर सिंह अतिथि रहे। थाना प्रभारी रामपाल ने कहा कि उन्होंने भारतीय वॉलीबाल टीम का हिस्सा बनकर देश के लिए कई पदक जीते।

पंजाब केसरी DELHI 30 अगस्त, 2019 ▶ शुक्रवार

# फिट रहेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया



रन फॉर फन में दौड़ लगाते कालेज के स्टाफ सदस्य एवं छात्र।

इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा मे खेल विभाग, एन.एस.एस. विभाग और एन.सी.सी. यूनिट द्वारा भारत सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर फिट इण्डिया मूवमेन्ट मुहिम के अन्तर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फिट इण्डिया मूवमेन्ट लॉच का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया व फिटनेस शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत रन फॉर फन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं, शिक्षक व गैर–शिक्षकों ने प्रतिभागिता की । कॉलेज के शारीरिक एवं शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में छात्रों के मध्य कबड्डी के मुकाबले करवाएं गए और अन्य मनोरंजक क्रियाओं का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने फिट इण्डिया मूवमेन्ट मुहिम के बारे में कहा कि इस मुहिम की सोच हमारे देश के नरेन्द्र मोदी की देन है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को 45 मीनट शारीरिक अभ्यास, 15 मीनट ध्यान अभ्यास व संतुलित आहार का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। इन सब नियमों की पालना करना और अपने जीवन में लाने को कहा। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार और देश के बारे में सोच सकता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की सलाह देने से पहले ही हमें योग और सैर का नियम अपने समय सारणी में डाल कर नियम बना लेना चाहिए। डॉ. संदीप बंसल ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने और व्यायाम करने की प्रेरणा दी।

पंजाब केसरी
DELHI
5 नवम्बर, 2019 ▶ मंगलवार

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अन्तरमहाविद्यालय, कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न



लाडवा, (कैलाश गोयल): इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अन्तरमहाविद्यालय, कबड्डी प्रतियोगिता (पुरूष) जोन- । के मुकाबले सम्पन्न हुए। जिसमें इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा और जाट कॉलेज, कैथल के बीच मुकाबला हुआ। इसमें जाट कॉलेज, कैथल ने 16 अंको से जीत दर्ज की, दूसरा मैच डीएवी कॉलेज, पुण्डरी और राजकीय महाविद्यालय, भेरियां के बीच हुआ। इसमें राजकीय महाविद्यालय, भेरियां ने 37 अंको से जीत दर्ज की, इसके बाद के मैच में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल और बीएआर जनता कॉलेज, कौल के बीच हुआ। इसमें आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने 25 अंको से जीत दर्ज की। अगला मैच जाट कॉलेज, कैथल और राजकीय महाविद्यालय, भेरियां के बीच हुआ। जिसमें स्कोर 44-11 रहा। इस मैच में जाट कॉलेज, कैथल ने 33 अंको से जीत दर्ज की और फाइनल मैच आरकेएसडी कॉलेज, कैथल और जाट कॉलेज, कैथल के बीच खेला गया। जिसमें स्कोर 35-12 के स्कोर में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने 23 अंको से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने भाग लिया। जोन- । में आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने सभी मुकाबले जीतकर क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता का शुंभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ हरि प्रकाश शर्मा ने सभी टीमों को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं देकर किया।

19 जनवरी 2020
अमर उजाला

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के नीतीश कुमार ने राइफल प्रतिस्पर्धा में जीता कांस्य पदक

संवाद न्यूज एजेंसी

लाडवा। भारत सरकार द्वारा गुवाहटी में आयोजित तीसरे युवा खेलों इंडिया का आयोजन चल रहा है, जिसमें इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के छात्र गुरमन सिंह और नीतीश कुमार ने भाग लिया। गत दिवस 50 मीटर राइफल प्रतिस्पर्धा में नीतीश कुमार ने कांस्य पदक हासिल कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने नीतीश कुमार की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह को बधाई दी। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने



कांस्य पदक विजेता नितीश कुमार।

महाविद्यालय, नीतीश कुमार और उसके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और नीतीश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंबाला, बुधवार,
9 अक्तूबर 2019

# एयर पिस्टल महिला वर्ग में डीएवी गर्ल्स कालेज व राइफल में आईजीएन लाडवा ने मारी बाजी






इंटर कालेज एयर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप निशाना लगता शूटर (दाएं) विजेता को सम्मानित करते हुए।

यमुनानगर, 8 अक्तूबर (ओमपाहवा) : डीएवी गर्ल्स कालेज में आयोजित इंटर कालेज एयर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में एस ए जैन कालेज अम्बाला सिटी की टीम ने 1200 में से 1119 अंक अर्जित कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। जबकि एयर राइफल के महिला वर्ग में आइ जी एन कालेज लाडवा की टीम ने 1200 में से 1025 अंक प्राप्त किए प्रिंसीपल विभा गुप्ता व राजेंद्र ढाका ने विजेताओं को मैडल पहनाकर समानित किया। कैप्टन ढाका ने कहा कि इंटर कालेज चैंपियनशिप के दौरान जिन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनका चयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम में किया गया है। जोकि अमृतसर में आयोजित होने वाली इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। कालेज की कार्यवाहक प्रिंसीपल डा. विभा गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियो को जीत की बधाई दी।

### इस प्रकार रहा परिणाम

पहला स्थान पुरुष एयर पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में एसए जैन कालेज अंबाला सिटी ने 1200 में से 1119 अंक प्राप्त किए। दूसरा स्थान आर्य पीजी कालेज पानीपत ने 1200 में से 1106 अंक अर्जित कर प्राप्त किया। तीसरा स्थान एसडी कालेज पानीपत की टीम ने 1200 में से 1081 अंक अर्जित किए। पहला स्थान एयर पिस्टल महिला वर्ग में डीएवी गर्ल्स कालेज 1200में से 948 अंक प्राप्त किए। दूसरा स्थान आर्य पीजी कॉलेज पानीपत ने 1200 में से 817अंक तीसरा स्थान जी एन खालसा कालेज यमुनानगर ने 1200 में से 697 अंक अर्जित किया। एयर राइफल महिला वर्ग में आईजीएन लाडवा ने 1200में से 1025 अंक अर्जित कर प्राप्त किया। दूसरा स्थान आर्य पीजी कॉलेज पानीपत ने 1200 में से 877 अंक अर्जित कर प्राप्त किया। तीसरा स्थान डीएवी गर्ल्स कालेज 1200में से 662 अंक प्राप्त किए।

11:50 AM

पंजाब केसरी TUESDAY • 4.2.2020

# अंतर्महाविद्यालय वुशू प्रतियोगिता में पुष्पा ने रजत व काजल ने जीता कांस्य पदक



लाडवा में पदक विजेता छात्राएं। (शैलेंद्र)

लाडवा, 3 फरवरी (शैलेंद्र): लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज की छात्रा पुष्पा ने रजत व काजल ने कांस्य पदक जीता है। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य डा. हरि प्रकाश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा 2 दिवसीय अंतर्महाविद्यालय वुशू (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के खेल परिसर में गत दिवस हुआ था। इस प्रतियोगिता में उनके कालेज की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा पुष्पा देवी ने 50 कि.ग्रा. भार वर्ग में रजत तथा काजल ने 60 कि.ग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

सोमवार को कालेज में पहुंचने पर पदक विजेता पुष्पा व काजल जोरदार स्वागत किया गया तथा मैडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कालेज की पदक विजेता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आईजीएन कॉलेज, लाडवा में विद्यार्थियों के साथ ऑनलाईन जुड़कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

लाडवा, यशबाबू न्यूज।
विनोद यादव।

आज इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा में कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऑनलाईन योग करवाया गया। इस ऑनलाईन शिविर में श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के योगाचार्य योगेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को योग से शरीर में होने वाले लाभकारी बातों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन शैली और हमेशा के लिए बेहतर जीवन जीने में सहायता करता है। उन्होंने शिविर के मुख्य उद्देश्य सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए यौगिक क्रियाएं के अनुकूल विद्यार्थियों को जानकारी दे, उनका ज्ञानवर्धन किया।

ऑनलाईन से जोड़कर योग करवाने की जिम्मेदारी एन.सी.सी. इन्चार्ज डॉ. राजेश कुमार और शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुलदीप सिंह ने बखूबी निभाई। एन.सी.सी. कैडेट्स और स्वयंसेवकों सहित कॉलेज में पढ़ने वाले 100 से



अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा योग किया। डॉ. राजेश कुमार ने जीवन में योग को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से बहुत से रोगों का नाष होता है। डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि योग शरीर और मस्तिष्क को एक साथ संतुलित करके प्रकृति से जुड़ने का सबसे सुरक्षित माध्यम है। डॉ. सुदेश बंसल ने कहा कि योग हमारे शरीर में ऊर्जा का विकास करता है।

प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने करो योग रहो निरोग का नारा बोलते हुए छात्रों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरणा दी। प्राचार्य ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है, इस काया को हम योग के माध्यम से ही कायम रख सकते हैं। आज के समय में हमारी बिगड़ती हुई दिनचर्या में योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो हमें स्वस्थ रख सकता है। हमें अपने आस-पास के लोगों, रिश्तेदारों एवं बच्चों को योग के लाभों को बताने के साथ ही उन्हें योग करने का नियमित अभ्यास भी कराना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. रूपेश गौड़ भी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर मंगलवार 17 दिसंबर, 2019

# साइकिल रेस प्रतियोगिता में आईजी कॉलेज के खिलाड़ी रहे विजेता



**लाडवा** | कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की ओर से सोमवार को एक दिवसीय इंटर कॉलेज साइकिल रोड रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। पिहोवा बाईपास पर हुई प्रतियोगिता में लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के छात्र ईश्वर कुंडू ने क्रिटेरियम प्रतियोगिता में रजत पदक व नितिन कुमार ने 100 किलोमीटर मास स्टार्ट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। वहीं 50 किलोमीटर टीम ट्रायल प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। कॉलेज की टीम ने प्रतियोगिता में ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर ईश्वर कुंडू और नितिन कुमार का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता दो से पांच जनवरी 2020 तक महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान में होगी।



अमर उजाला 28/11/17

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में नशे के दुष्प्रभावों पर हुई चर्चा

**लाडवा।** इंदिरा गांधी नेशनल (आईजीएन) कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख डॉ. कुलदीप सिंह के निर्देशन में क्रीड़ा संस्कृति पर नशे का प्रभाव विषय पर संगोष्ठी में देशभर से शिक्षाविद्, विद्वान एवं शोधार्थी शामिल हुए। लाडवा नगरपालिका के पूर्व प्रधान मनदीप सिंह तूर ने बतौर मुख्य अतिथि संगोष्ठी का शुभारंभ किया। तीन सत्रों में आयोजित संगोष्ठी के प्रथम सत्र में केयू शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद मलिक ने ड्रग्स एवं डोपिंग पर विस्तार से चर्चा की। इस सत्र में डॉ. एमएस चौहान ने ड्रग्स से खेल एवं खिलाड़ी पर पड़ने वाले कुप्रभावों पर खुलकर विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के दूसरे एवं तीसरे सत्र में डॉ. एचएस कंग, डॉ. एसएन सिंह ने विचार रखते हुए नशे को खिलाड़ियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए घातक एवं निंदनीय बताया। कहा कि इसका निदान समाज में जागृति लाकर ही किया जा सकता है। संगोष्ठी का समापन अर्जुन पुरस्कार विजेता डॉ. दलेल सिंह चौहान के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. एचपी शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

संगोष्ठी के दौरान विचार प्रस्तुत करने वाले शोधार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

# Cultural Activities at a Glance




**Students presenting Haryanvi group song in Zonal Youth Festival**



**Our student Khushjeet got 2nd Prize in Poetical Symposium  at Zonal Youth Festival**





**Our students tie of Haryanvi Pagri at State Level  Ratnavali Festival and Performing Mimicry in Talent Hunt Competition**



Principal and the staff, presenting memento to the participating team of **Ratnawali Yuva Saang Mahotsava** at village Budha on 01-03-2019






**Ratnawali Yuva Saang Mahotsava at village Mathana on 27-02-2019**











वा के इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं ● जागरण

# पुरस्कार वितरण संग महोत्सव संपन्न

संवाद सहयोगी, लाडवा : इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में चल रहा तीन दिवसीय क्षेत्रिय युवा महोत्सव शुक्रवार देर साथ को पारितोषिक वितरण समारोह के साथ संपन्न हो गया। युवा महोत्सव में 13 महाविद्यालयों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की, जिनमें करीब 43 प्रतियोगिताएं छह अलग-अलग समांतर चल रहे मंचों पर संपन्न हुई। महोत्सव में सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह एवं जोश के साथ हरियाणवीं संस्कृति की छटा बिखेरी। तीन दिवसीय इस महोत्सव ने हमें 50 वर्ष पूर्व की हरियाणवीं संस्कृति में वापिस लौटा दिया था। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा के विद्यार्थियों ने कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि डॉ. पवन सैनी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज प्रबंधक कमेटी के प्रधान पवन गर्ग द्वारा की गई। कॉलेज के प्राचार्य हरि प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर हमें अपनी हरियाणवी संस्कृति पर गर्व है। कालेज की ओर से आए हुए मुख्यातिथि व अतिथियों तथा महोत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका रखने वालों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समापन पर पवन गर्ग, प्राचार्य हरि प्रकाश शर्मा, डॉ. राजेश कुमार रहे।

कार्यक्रम मे विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्यातिथि लाडवा विधायक डॉ. पवन सैनी।

## College Students are performing cultural events at college Auditorium



Team of Haryanvi One Act Play , commended at National Fest: Ratanavali

## College paly event winner students team getting prize on Haryana Day



दैनिक भास्कर | गुरुवार 5 अक्टूबर, 2017

# युवा महोत्सव में दी कलाकारों ने स्किट की प्रस्तुति

## इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहा तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | लाडवा

इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहे तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने किया।

इस दौरान विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने हरियाणवी स्किट, गीत, चुटकुलों और हरियाणवी डांस व हरियाणवी पॉप में अपनी प्रतिभा दिखाई। उपायुक्त सुमेधा कटारिया ने कहा कि हरियाणा राज्य की संस्कृति के मानचित्र पर अहम भूमिका है।

हमारे यहां हर व्यक्ति के अंदर बहुत सी प्रतिभाएं छुपी हुई हैं और इन प्रतिभाओं को खोजना और निखारना जरूरी है। प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति उनका रुझान भी बढ़ेगा। प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र में है। इस तरह के सांस्कृतिक महोत्सव से ग्रामीण बच्चों में जागरूकता आएगी और उन्हें अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर मनदीप तूर, वेद प्रकाश और जितेंद्र सिंह गिल मौजूद थे।

लाडवा | इंदिरा गांधी कॉलेज में चल रहे युवा महोत्सव में ग्रुप सांग की प्रस्तुति देती छात्राएं।



दैनिक जागरण | 5 अक्टूबर 2017

लाडवा कॉलेज में दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू करते सांसद रतन लाल कटारिया • जागरण

# यहां की संस्कृति राष्ट्र के मानचित्र पर अहम

लाडवा : अंबाला से सांसद रतन लाल कटारिया ने कहा कि भारत में विविधता में भी एकता है यह हमारे राष्ट्र केलिए गर्व की बात है। हरियाणा की संस्कृति राष्ट्र के मानचित्र पर अहम स्थान रखती है। वे बुधवार को लाडवा के इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज में तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव समारोह का शुभारंभ करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर सहेजने के लिए आगे आना चाहिए। किसी भी देश की पहचान उसकी संस्कृति और सभ्यता से होती है। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज समिति के प्रधान पवन गर्ग व हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला के निदेशक डॉ. सोमेश्वर दत्त विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि गर्व का विषय है कि कई वर्षों के उपरांत कॉलेज की पावन धरा को विभिन्न आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयं को समृद्ध धरोहर को प्रकट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सीडीएस कौशल, पवन गर्ग, डॉ. रवीश चौहान, डॉ. संदीप बंसल, प्राचार्य हरि प्रकाश शर्मा, डॉ. राजेश आदि मौजूद थे।



Participants of Painting Competition in Talent Hunt held on 06-09-2018



Participants of Written Quiz Competition in Talent Hunt held on 06-09-2018

















College students and staff members celebrating Lohri Festival in college premises



## Glimpses of Cultural Activities Media Coverage

अजीत समाचार

# इंदिरा गांधी नैशनल कॉलेज में लोहड़ी मनाई

लाडवा, 13 जनवरी (चट्ठा) : इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में सांस्कृतिक विभाग की संयोजिका प्रोफेसर हरनीत कौर के नेतृत्व में लोहड़ी पर्व मनाया गया। प्रोफेसर हरनीत कौर ने कॉलेज प्राचार्य, सभी शिक्षकों और गैर शिक्षक वर्ग व उपस्थित सभी विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संयोजिका ने लोहड़ी पर्व के इतिहास और विशेषता पर भी अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने लोहड़ी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि त्यौहार भारत देश की शान हैं। हर एक प्रान्त के अपने कुछ विशेष त्यौहार होते है, इनमें से एक हैं लोहड़ी। लोहड़ी की



लाड्वा : इंदिरा गांधी नेशनल कालेज मे लोहड़ी मनाते समूह स्टाफ एवं विद्यार्थी। (छायाः चट्ठा)

धूम कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती हैं। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को यह त्यौहार अपने परिवारजनों, आस-पड़ोस और सगे-संबंधियों के साथ हंसी-खुशी के साथ मनाने को कहा क्योंकि मिलजुल कर त्योहार मनाने से आपसी बैर दूर होता है और प्यार बढ़ता है। कॉलेज छात्रा अमनदीप ने अपनी सखियों सहित लोहड़ी पर्व पर गीत गाया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग द्वारा भी लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

---

दैनिक सवेरा टाइम्स www.dainiksaveratimes.com अंबाला, रविवार, 9 सितम्बर 2018

# इंदिरा गांधी कालेज में 3 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता सम्पन्न

लाडवा, 8 सितंबर(नरेश गर्ग): लाडवा के इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि युवा कांग्रेस नेता संदीप गर्ग ने दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर आयोजित गायन, नृत्य, संगीत (वाद्य), कवितापाठ, मिमिकरी इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर वेदप्रकाश सिंघल, मंदीप सिंह तूर, रवीश चौहान, डा. मधु गुप्ता, डा. अशोक वर्मा, डा. रोमेश भाल, डा. अरविन्द गर्ग, प्रो. सुनीता रानी, डा. नीरू बाला, डा. नीति



लाडवा के इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि संदीप गर्ग व अन्य। (डिम्पी)

गोयल, डा. यशपाल, डा. मोहन लाल, डा. कुलदीप सिंह, डा. सुमन सिवॉच, राजबीर सिंह, डा. अमित कुमार, डा.सुदेश बंसल, डा. अमित वर्मा, डा. नीतू, प्रो. प्रियंका, प्रो. मनदीप कौर, विजय बंसल, जितेन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे। इस दौरान ही प्रतियोगिताओंके परिणाम इस प्रकार रहे- मोनो एक्टिंग में तनु वर्मा ने पहला, साक्षी ने दूसरा तथा अलीशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिमिकरी में कर्मबीर ने पहला, तनू वर्मा ने दूसरा तथा लखविन्द्र ने तीसरा स्थान पाया। डांस प्रतियोगिता में साहिल ने पहला, ज्योति ने दूसरा तथा तनु वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

गायन में अमन ने पहला, शिवानी ने दूसरा तथा हरदीप सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाद्य प्रतियोगिता में शुभम ने पहला, अमन ने दूसरा तथा साहिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रवि कुमार ने पहला, गुरदीप कुमार ने दूसरा व उमा देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में वैशाली ने पहला, आशीष ने दूसरा व मंदीप ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता में साक्षी ने पहला, रेनू देवी ने दूसरा व खुशजीत कौर तीसरे स्थान पर रही।

---

अजीत समाचार, चंडीगढ़ वीरवार, 27 फरवरी, 2020

# युवा सांग महोत्सव का शुभारंभ किया तेजपाल ने

* श्रेय इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज को मिलना सौभाग्य की

लाडवा, 26 फरवरी (चट्ठा) : युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा द्वारा 8वां रत्नावली युवा सांग महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारम्भ गांव मथाना में मुख्यातिथि तेजपाल सिंह, पूर्व सरपंच के करकमलों द्वारा किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरिप्रकाश शर्मा ने मुख्यातिथि तेजपाल सिंह का महोत्सव में पधारने पर हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सांग हरियाणा की संस्कृति की धरोहर है। आज के समय में सांग हरियाणा से लुप्त होता जा रहा है, इसलिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सांग गांवों में करवाने का निर्णय लिया। यह हमारा सौभाग्य है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने हमारे कॉलेज को दूसरी बार सांग करवाने के लिए चुना। हमारा लक्ष्य हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखना है। तेजपाल सिंह ने मेहमान टीम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि पहले मनोरंजन के इतने साधन नहीं होते थे। सांग देखकर ही लोग अपना मनोरंजन करते थे। चौ. तेजपाल ने डॉ. हरिप्रकाश शर्मा का धन्यवाद किया कि उन्होंने युवा सांग महोत्सव को गांव मथाना में करवाया।

